सत्र-2021-2022

टर्म-2

मॉडल टेस्ट पेपर

लघूत्तर (छोटे उत्तरों) व निबंधात्मक (बड़े उत्तरों) प्रश्नों से सम्बन्धित परीक्षा

समय-2 घंटे | कक्षा- दसवीं | कुल अंक-40

विषय : हिंदी

नोट : सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

भाग-क

प्रश्न- 1 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें - 1+4=5

यदि वे करें, उचित है गर्व,
बात-बात में उत्सव पर्व,
हम से प्रहरी रक्षक जिनके, वे किससे डरते हैं ?
हम राज्य लिए मरते हैं।

अथवा

लेकिन हम अपने से खुले, खिले, फूले हैं—
रंग लिए, रस लिए, पराग लिए—
हमारी यश-गंध दूर-दूर-दूर फैली है,
भ्रमरों ने आकर हमारे गुन गाए हैं,
हम पर बौराए हैं।

प्रश्न- 2 निम्नलिखितप्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग तीन या चार पंक्तियों में दीजिए । 2x2=4

(i) 'बसंती क्या सोचकर बेटे के साथ शहर आई ?' माँ का कमरा ' लघुकथा के आधार पर बताएं।

(ii) 'सदाचार का तावीज़ ' निबंध में तावीज़ किस लिए बनवाए गये थे ?

(iii) 'देश के दुश्मन ' एकांकी में नीलम जयदेव से मान-भरी-मुद्रामें क्या कहती है ?

प्रश्न - 3 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग छह - सात पंक्तियों में दीजिए : 2×3=6

(i) 'दो कलाकार ' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट करें ।

(ii) 'देश के दुश्मन ' एकांकी में जयदेव ने तस्करों को कैसे पकड़ा ?

(iii) 'गुरु नानक देव' पाठ के अनुसार गुरु नानक देव जी की वाणी की विशेषता अपने शब्दों में लिखिए ।

भाग-ख

प्रश्न - 4 आपका नाम विजय नाथ है। आप सरकारी हाई स्कूल रामनगर, सोनीपत में दसवीं कक्षा में पढ़ते हैं। आपका रोल नम्बर 26 है। आप कक्षा के मॉनिटर हैं। आप अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल में अधिक से अधिक खेलों का सामान मंगवाने के लिए अनुरोध करते हुए आवेदन/प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

आपका नाम राजीव कुमार है। आप मकान नंबर125 सेक्टर -18गुडगाँवमें रहते हैं। आप अपनी ओर से परीक्षा के दिनों में लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध लगाने के लिए गुडगाँव के ज़िलाधीश को आवेदन/प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

प्रश्न-5 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

(क) मेरी दिनचर्या (ख) कैरियर चुनाव में स्वमूल्यांकन (ग) अपने नए घर में प्रवेश

भाग-ग

प्रश्न- 6 निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें - 4

ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਦਾ ਵੱਧ ਤੋਂ ਵੱਧ ਸਨਮਾਨ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਬੁੱਧੀਮਾਨ, ਅਨੁਭਵੀ ਅਤੇ ਘਰ ਦਾ ਸ਼ਿੰਗਾਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਨੂੰ ਉਚਿਤ ਸਮਾਂ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

भाग-घ

प्रश्न-7 आपका नाम योगेश राय है। आप सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, सोलन में हिंदी के अध्यापक हैं । आप स्कूल की हिंदी साहित्य समिति के सचिव हैं। इस समिति द्वारा आपके स्कूल में दिनांक 14.10.21 को ' हिंदी दिवस प्रतियोगिता ' के अंतर्गत कविता उच्चारण प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आप अपनी ओर से सूचना तैयार कीजिए जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया हो ।

अथवा

आपका नाम मोहन लाल है। आप मकान नंबर 232, सेक्टर 5, भिवानी में रहते हैं। आपका मोबाइल नंबर 123456789 है। आपकी हिसार (हरियाणा) में 'सुंदर नगर 'में दस मरले की एक कोठी है। आप इसे बेचना चाहते हैं। 'कोठी बिकाऊ है 'शीर्षक के अंतर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखिए । 4

भाग- ङ

प्रश्न-8 निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर पुस्तिका पर उतारकर भरें- 5

मान लीजिए आपका नाम उमा कुमारी है। आपका विकास बैंक, शाखा शामपुर में बचत खाता है, जिसका नम्बर 7612234453 है। आपको अपने इस खाते मेंसे 4500/-रुपए निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें-

विकास बैंक,शाखा शामपुर

बचत बैंक आहरण प्रपत्र

बचत खाताधारक का नाम...खाता नम्बर..........................

कृपया मुझे ....रु.(रुपए अंकों में)........................... (रुपए शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर......................

अथवा

मान लें कि आपका नाम मेधावी है। आपका मालामाल बैंक, शाखा,चंडीगढ़ में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 4236771512 है । आपको अपने इस खाते में 10000/-रुपए जमा करवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें –

मालामाल बैंक , शाखा: चंडीगढ़

बैंक में रुपए जमा करवाने के लिए प्रपत्र

जमा बचत खाता नम्बर ---जो कि --------------

---के नाम से है , में रुपए ---------------------------

(अंकों में)------------------------------------(रुपए शब्दों में) जमा करें ।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर--------------------------------

प्रश्न-9.सुंदर लिखाई 2